**Regarding construction of railway line connecting Nagpur-Seoni-Jabalpur-laid**

**डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट):** सिवनी जिले की जनता की पिछले 40 सालों से नागपुर से सिवनी होकर जबलपुर को जोड़ने वाले रेलमार्ग के निर्माण की मांग की जा रही है । पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री नरसिम्हा राव जी जब रामटेक से सांसद थे, उस दौरान 1992 में उनके द्वारा नागपुर के रामटेक से श्रीधाम (गोटेगांव) रेलमार्ग के निर्माण की घोषणा की गई थी । किंतु इस पर कोई गति नहीं हुई । यह रेल लाईन उत्तर दक्षिण को जोड़ने वाला सीधा रेलमार्ग होगा । जिससे महाराष्ट्र, नागपुर और मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर सीधे जुड़ जाएँगे और इससे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की 5 लोक सभा एवं 8 विधान सभा की जनता लाभान्वित होगी । इस 170 कि. मी. रेल लाईन के निर्माण से दिल्ली, बनारस, अयोध्या एवं पटना से दक्षिण की ओर जाने वाली ट्रेनों के मार्ग की करीब 200 किलोमीटर तक दूरी कम हो जाएगी । दूरी कम होने से सवारी गाड़ी/मालवाहक ट्रेनों के लिए सीधा और वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो जायेगा । इसका सीधा लाभ रेल विभाग को होगा । वर्तमान में इटारटी जंक्शन पर पड़ने वाले लोड को भी कम किया जा सकेगा । सरकार से आग्रह है कि नागपुर सिवनी जबलपुर जोड़ने वाले रामटेक सिवनी गोटेगांव या अन्य वैकल्पिक रेलमार्ग रामटेक सिवनी शिकारा बहुप्रतितिक्षित एवं महत्वाकांक्षी रेल लाईन के निर्माण की स्वीकृति करने का कष्ट करें ।